Title: Need to provide financial assistance to Government of Rajasthan for early completion of Siddhmukh Irrigation Project in Churu district of Rajasthan.

श्री रामसिंह कस्वां (चुरू): राज्स्थान के चुरू जिले के सिद्धमुख सिंचाई परियोजना को स्वीकृत किये हुए काफी सम्य हो ग्या है लेकिन इसका कार्य अभी पूर्ण नहीं हो पाया है। सरकार ने इसके लिए आवश्यक धन भी उपलब्ध करा दिया था, लेकिन यह परियोजना अभी भी अधूरी है।

बार-बार अकाल पड़ने के कारण चुरू जिले के किसानों की हालत अत्यंत ही दयनीय है। इस परियोजना के पूर्ण होने से किसानों को राहत मिलेगी।

अतः मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि इस महत्वपूर्ण परियोजना को अविलंब पूर्ण करने के लिए उचित काग्रवाही करने का कट करें तथा इस परियोजना के लिए आवश्यक धन उपलब्ध करायें।